>

Title: Need to expedite Parasnath-Madhuban Giridih railway line project-laid.

**श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह):** झारखण्ड के गिरिडीह जिले के मधुबन में स्थित सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेदशिखरजी जैनों का अति प्राचीन सर्वोच्च तीर्थक्षेत्र है, जहाँ पर यात्री पूरे भारतवर्ष से तीर्थवंदना के लिए आते हैं।

भारत सरकार द्वारा 2018-19 के बजट में पारसनाथमधुबन-गिरिडीह-रेललाइन परियोजना के अंतर्गत् पारसनाथ स्टेशन से मधुबन हुए गिरिडीह तक लगभग 902 करोड़ 86 लाख की लागत से बिछाने की घोषणा की गई थी।

पारसनाथ स्टेशन से गिरिडीह रेल लाइन का शिलान्यास 4 मार्च 2019 को हो गया था ,परंतु फंड की उपलब्धता ना होने से अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है । पिछले 3 वर्ष से तीर्थ यात्रियों की घटती संख्या के कारण पूरे आसपास के क्षेत्रों में रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है तीर्थ यात्रियों को भी आने में असुविधा महसूस हो रही है और रेल लाइन जोड़ने से तीर्थयात्री को पहुंचने में बहुत ही सहुलियत होगी और रेलवे का राजस्व भी बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को रोज़गार भी मिलेगा ।